# अपूर्व अनुभव

---

Question 1.
यासुकी-चान और तोत्तो-चान को क्या अपूर्व अनुभव मिला?
(a) पेड़ पर चढ़ने का अनुभव
(b) एक साथ खेलने का अनुभव
(c) आजादी का अनुभव
(d) घर से भागने का अनुभव

▼ Answer

Answer: (a) पेड़ पर चढ़ने का अनुभव

---

Question 2.
तोत्तो-चान ने अपनी योजना को बड़ों से क्यों छुपाया?
(a) वह इस कार्य को स्वयं ही करना चाहती थी
(b) इस कार्य में जोखिम था, इसलिए घरवाले इसकी अनुमति न देते
(c) वह यासुकी-चान को प्रभावित करना चाहती थी
(d) वह अपने मित्रों में रौब जमाना चाहती थी।

▼ Answer

Answer: (b) इस कार्य में जोखिम था, इसलिए घरवाले इसकी अनुमति न देते

---

Question 3.
"द्विशाखा' शब्द का क्या अर्थ है?
(a) दो शाखाएँ
(b) वह स्थान जहाँ से दो शाखाएँ अलग-अलग होती हैं
(c) पेड़ की टहनियाँ
(d) पेड़ का तना

▼ Answer

Answer: (b) वह स्थान जहाँ से दो शाखाएँ अलग-अलग होती हैं

---

Question 4.
यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोतो-चान को अथक प्रयास क्यों करना पड़ा?
(a) यासुकी-चान पेड़ पर चढ़ना नहीं चाहता था
(b) यासुकी-चान तोत्तो-चान से नाराज था
(c) यासुकी-चान को अपने घर जाकर पिटाई का डर था
(d) यासुकी-चान पोलियोग्रस्त था, इसलिए वह पेड़ पर नहीं चढ़ सकता था

▼ Answer

Answer: (d) यासुकी-चान पोलियोग्रस्त था, इसलिए वह पेड़ पर नहीं चढ़ सकता था

---

Question 5.
'अपूर्व अनुभव' की घटना किस देश से संबंधित है?

(a) भारत
(b) चीन
(c) श्रीलंका
(d) जापान

▼ Answer

Answer: (d) जापान

---

Question 6.
'अपूर्व अनुभव' इनमें से क्या है?
(a) कहानी
(b) नाटक
(c) संस्मरण
(d) निबंध

▼ Answer

Answer: (c) संस्मरण

---

Question 7.
'अपूर्व अनुभव' के लेखक कौन हैं?
(a) मोहनदास करमचंद गाँधी
(b) तेत्सुको कुरियानागी
(c) टी. पद्मनाभन
(d) विनीता पाण्डेय

▼ Answer

Answer: (b) तेत्सुको कुरियानागी

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए

1. यासुकी-चान को पोलियो था, इसलिए वह न तो किसी पेड़ पर चढ़ पाता था और न किसी पेड़ को निती संपत्ति मानता था। अतः तोत्तो-चान ने उसे अपने पेड़ पर आमंत्रित किया था। पर यह बात उन्होंने किसी से नहीं कही, क्योंकि अगर बड़े सुनते तो ज़रूर डाँटते। घर से निकलते समय तोत्तो-चान ने माँ से कहा कि वह यासुकी-चान के घर डेनेनचोफु जा रही है। चूंकि वह झूठ बोल रही थी, इसलिए उसने माँ की आँखों से नहीं झाँका। वह अपनी नज़रें जूतों के फीतों पर ही गड़ाए रही। रॉकी उसके पीछे-पीछे स्टेशन तक आया। जाने से पहले उसे सच बताए बिना तोत्तो-चान से रहा नहीं गया।

Question 1.
तोत्तो-चान ने यासुकी-चान को अपने पेड़ पर क्यों आमंत्रित किया?
(a) यासुकी-चान तोत्तो-चान का रिश्तेदार था।
(b) यासुकी-चान देखना चाहती थी कि वह भी पेड़ पर चढ़ सकता है या नहीं
(c) यासुकी-चान को पोलियो था, जिस कारण वह पेड़ पर चढ़ नहीं सकता था और न ही किसी पेड़ को अपनी संपत्ति मानता था।
(d) वह यासुकी-चान का सम्मान करती थी।

▼ Answer

Answer: (c) यासुकी-चान को पोलियो था, जिस कारण वह पेड़ पर चढ़ नहीं सकता था और न ही किसी पेड़ को अपनी संपत्ति मानता था।

---

Question 2.
तोत्तो-चान क्या कहकर घर से निकली?
(a) कि वह स्कूल जा रही है
(b) कि वह खेलने जा रही है
(c) कि उनके स्कूल में आज कार्यक्रम है
(d) कि वह यासुकी-चान के घर जा रही है

▼ Answer

Answer: (d) कि वह यासुकी-चान के घर जा रही है

---

Question 3.
चलते समय तोत्तो-चान ने अपनी माँ से नज़रें क्यों नहीं मिलाई?
(a) क्योंकि वह झूठ बोल रही थी
(b) क्योंकि उसकी माँ गुस्से में थी
(c) क्योंकि तोत्तो-चान की आँखों में आँसू थे
(d) क्योंकि तोत्तो-चान अपनी माँ से नाराज़ थी

▼ Answer

Answer: (a) क्योंकि वह झूठ बोल रही थी

---

Question 4.
तोत्तो-चान कहाँ जा रही थी?
(a) अपने पेड़ पर
(b) खेलने के लिए बाग में
(c) रॉकी के साथ
(d) रेलगाड़ी में घूमने

▼ Answer

Answer: (a) अपने पेड़ पर

---

Question 5.
'आमंत्रित' शब्द में प्रत्यय होगा
(a) आ
(b) इत
(c) मंत्र
(d) मंत्रित

▼ Answer

Answer: (b) इत

---

2. जैसे ही यासुकी-चान ने तोत्तो-चान को देखा, वह पैर घसीटता हुआ उसकी ओर बढ़ा। उसके हाथ अपनी चाल को स्थिर करने के लिए दोनों ओर फैले हुए थे। तोत्तो-चान उत्तेजित थी। वे दोनों आज कुछ ऐसा करने वाले थे जिसका भेद किसी को भी पता न था। वह उल्लास में ठिठियाकर हँसने लगी। यासुकी-चान भी हँसने लगा।

तोत्तो-चान यासुकी-चान को अपने पेड़ की ओर ले गई और उसके बाद वह तुरंत चौकीदार के छप्पर की ओर भागी, जैसा उसने रात को ही तय कर लिया था। वहाँ से वह एक सीढ़ी घसीटती हुई लाई। उसे तने के सहारे ऐसे लगाया, जिससे वह द्विशाखा तक पहुँच जाए। वह कुरसी से ऊपर चढ़ी और सीढ़ी के किनारे को पकड़ लिया। तब उसने पुकारा, "ठीक है, अब ऊपर चढ़ने की कोशिश करो।"

Question 1.
यासकी-चान तोत्तो-चान की ओर किस प्रकार बढ़ा?
(a) धीरे-धीरे
(b) दौड़कर
(c) पैर घसीटते हुए
(d) वह वहीं बैठ गया जहाँ खड़ा था

▼ Answer

Answer: (c) पैर घसीटते हुए

---

Question 2.
तोत्तो-चान उत्तेजित क्यों थी?
(a) वह ऐसा काम करने जा रही थी, जिसका किसी को पता नहीं था
(b) क्योंकि उसे यासुकी-चान पर गुस्सा आ रहा था
(c) वह यासुकी-चान के व्यवहार से दु:खी थी
(d) तोत्तो-चान की माँ को पता चल गया था कि तोत्तो-चान ने उससे झूठ बोला

▼ Answer

Answer: (a) वह ऐसा काम करने जा रही थी, जिसका किसी को पता नहीं था

---

Question 3.
तोत्तो-चान चौकीदार के छप्पर की ओर क्यों भागी?
(a) वह चौकीदार को बुलाना चाहती थी कि वह उनकी मदद करे।
(b) वह जानना चाहती थी कि चौकीदार यहाँ है या नहीं।
(c) वह वहाँ से एक रस्सा लेने गई थी।
(d) वह वहाँ से सीढ़ी लेने गई थी।

▼ Answer

Answer: (d) वह वहाँ से सीढ़ी लेने गई थी।

---

Question 4.
द्विशाखा किसे कहते हैं?
(a) दो शाखाओं का
(b) दो दिशाओं को
(c) उस स्थान को जहाँ से दो शाखाएँ अलग-अलग होती हैं
(d) पेड़ की फुनगियों को

▼ Answer

Answer: (c) उस स्थान को जहाँ से दो शाखाएँ अलग-अलग होती हैं

---

Question 5.
"द्विशाखा' शब्द में समास होगा

(a) कर्मधारय
(b) द्विगु
(c) तत्पुरुष
(d) द्वंद्व

▼ Answer

Answer: (b) द्विगु

---

3. उस समय द्विशाखा पर खड़ी तोत्तो-चान द्वारा यासुकी-चान को पेड़ की ओर खींचते अगर कोई बडा देखता तो वह ज़रूर डर के मारे चीख उठता। उसे वे सच में जोखिम उठाते ही दिखाई देते। पर यासुकी-चान को तोत्तो-चान पर पूरा भरोसा था और वह खुद भी यासुकी-चान के लिए भारी खतरा उठा रही थी। अपने नन्हें-नन्हें हाथों से वह पूरी ताकत से यासुकी-चान को खींचने लगी। बादल का एक बड़ा टुकड़ा बीच-बीच में छाया करके उन्हें कड़कती धूप से बचा रहा था।

काफी मेहनत के बाद दोनों आमने-सामने पेड़ की द्विशाखा पर थे। पसीने से तरबतर अपने बालों को चेहरे पर से हटाते हुए तोत्तो-चान ने सम्मान से झुककर कहा, "मेरे पेड़ पर तुम्हारा स्वागत है।"

Question 1.
यासुकी-चान और तोत्तो-चान को पेड़ पर देखकर कोई बड़ा व्यक्ति क्यों चीख उठता?
(a) यह जानकर कि एक अपाहिज लड़का पेड़ पर चढ़ गया है
(b) वह उनको भूत समझता
(c) वह उनकी बेवकूफी के कारण डर जानता
(d) वह उनकी बहादुरी के कारण चीख पड़ता

▼ Answer

Answer: (a) यह जानकर कि एक अपाहिज लड़का पेड़ पर चढ़ गया है

---

Question 2.
तोत्तो-चान कैसी लड़की थी?
(a) झूठ बोलने वाली
(b) सनकी
(c) द्दढ़ संकल्पी
(d) हठी

▼ Answer

Answer: (c) द्दढ़ संकल्पी

---

Question 3.
पेड़ पर चढ़ते समय उन्हें धूप से कौन बचा रहा था?
(a) पेड़
(b) बादल का टुकड़ा
(c) चौकीदार
(d) उन्होंने चादर फैला रखी थी

▼ Answer

Answer: (b) बादल का टुकड़ा

---

Question 4.
तोत्तो-चान ने यासुकी-चान का स्वागत किस प्रकार किया?
(a) खड़े होकर
(b) सैल्यूट मारकर
(c) हँसकर
(d) सम्मान में झुककर

▼ Answer

Answer: (d) सम्मान में झुककर

---

Question 5.
'जोखिम' शब्द का अर्थ होगा
(a) कष्ट
(b) खतरा
(c) कठिन कार्य
(d) बड़ा कार्य

▼ Answer

Answer: (b) खतरा

---